लोक सभा अध्यक्ष ने "स्किल्स ऑन व्हील्स" बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

...

"स्किल्स ऑन व्हील्स" मिशन का उद्देश्य कौशल को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को सशक्त बनाना है

...

नई दिल्ली; 17 सितंबर, 2023: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज 'स्किल्स ऑन व्हील्स' पहल के तहत 'स्किल इंडिया मिशन' को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई बस "स्किल्स ऑन व्हील्स" को हरी झंडी दिखाई। स्किल इंडिया मिशन के भाग के रूप में, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और इंडसइंड बैंक ने देश के दूर-दराज के इलाकों के युवाओं तक पहुंचने के लिए 'स्किल्स ऑन व्हील्स' पहल शुरू करने के लिए साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत युवाओं को संगत कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके ग्रामीण परिवारों की आजीविका में सुधार लाने के उद्देश्य से पांच साल की अवधि में युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा।

इस पहल के अंतर्गत, रेट्रोफिटेड उपकरणों के साथ सुसज्जित बस के माध्यम से आकांक्षी और पिछड़े जिलों में दूर-दूर तक जा कर 'स्किल इंडिया मिशन' पहल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है, जिससे युवा प्रभावी कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से अपने जीवन की दिशा बदल सकें।

शिक्षा तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान इस अवसर पर उपस्थित थे।